# BAGHPAT POLICE

## साइबर क्राइम पुलिस थाना, जनपद बागपत

## मई-2024

**साइबर क्राइम पुलिस थाना, जनपद बागपत के द्वारा माह मई 2024 में 07 व्यक्तियों से हुई ऑनलाइन रुपयों की धोखाधड़ी में कुल 4,24,063 रूपये वापस कराये गये–**

साइबर क्राइम पुलिस थाना,जनपद बागपत द्वारा निम्न शिकायतों को तत्काल संज्ञान में लेते हुए त्वरित विधिक कार्यवाही की गयी, जिसके फलस्वरूप पीड़ितों के बैंक खातों से निकाले गये रुपयों को वापस कराया गया। रुपये वापस मिलने पर पीड़ितों द्वारा बागपत पुलिस की प्रशंसा करते हुए आभार व्यक्त किया गया।

| क्र0सं0 | थाना | प्रा0पत्रसं0 | वापस करायी गयी धनराशि |
|---|---|---|---|
| 1 | बड़ौत | 179/24 | 1,29,114 |
| 2 | छपरौली | 170/24 | 1,02,101 |
| 3 | सिंघावली अहीर | 33110230155938 | 15,000 |
| 4 | बागपत | 33101240012693 | 18,348 |
| 5 | बागपत | 33107230097198 | 50,000 |
| 6 | बागपत | 227/24 | 1,00,000 |
| 7 | दोघट | 175/24 | 9,500 |
| | | कुल | ₹ 4,24,063 |

**BAGHPAT POLICE**

## बागपत पुलिस द्वारा "ऑपरेशन स्माईल" के अन्तर्गत माह मई में कुल- 57 गुमशुदा एवं अपहताओं को बरामद किया गया:-

बागपत पुलिस द्वारा चलाये जा रहे अभियान "ऑपरेशन स्माईल" के अन्तर्गत माह मई में कुल- 57 गुमशुदा एवं अपहताओं को सकुशल बरामद कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी। इस अभियान के अन्तर्गत जनपद के सभी थानों पर पुलिस टीमों का गठन कर बरामदगी हेतु लगाया गया था, जिनके द्वारा गुमशुदा एवं अपहताओं/अपहृतों को सकुशल बरामद किया गया है।

| क्र0सं0 | थाना | मु0अ0सं0 | धारा |
|---|---|---|---|
| 01 | बागपत | 377/22 | 365 भादवि |
| 02 | बागपत | 467/22 | 366 भादवि (01 महिला व उसके 03 बच्चे) |
| 03 | बागपत | 1070/22 | 366 भादवि |
| 04 | बागपत | 961/23 | 363 भादवि |
| 05 | बागपत | 220/24 | 366 भादवि |
| 06 | बागपत | 256/24 | 366 भादवि(01 महिला व उसके 02 बच्चे) |
| 07 | बागपत | 364/24 | 363 भादवि |
| 08 | बागपत | 374/24 | 365 भादवि |
| 09 | बागपत | 375/24 | 363 भादवि |
| 10 | बागपत | 381/24 | 366 भादवि |
| 11 | बागपत | 382/24 | 363 भादवि |
| 12 | बागपत | 396/24 | 366 भादवि |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 13 | बागपत | 405/24 | 366 भादवि |
| 14 | बागपत | 435/24 | 363 भादवि |
| 15 | बागपत | 442/24 | 365 भादवि |
| 16 | बागपत | 458/24 | 363 भादवि |
| 17 | बागपत | 474/24 | 363 भादवि |
| 18 | बागपत | 479/24 | 363 भादवि |
| 19 | सिंघावली अहीर | 68/24 | 363 भादवि |
| 20 | सिंघावली अहीर | 130/24 | 363 भादवि |
| 21 | सिंघावली अहीर | 147/24 | 363 भादवि |
| 22 | बिनौली | 255/23 | 366 भादवि |
| 23 | बिनौली | 301/24 | 365 भादवि |
| 24 | बिनौली | 124/24 | 366 भादवि |
| 25 | बिनौली | 127/24 | 363/354/511 भादवि |
| 26 | बिनौली | 128/24 | 365 भादवि |
| 27 | बिनौली | 137/24 | 365 भादवि |
| 28 | खेकड़ा | 380/23 | 365 भादवि |
| 29 | खेकड़ा | 45/24 | 366 भादवि |
| 30 | खेकड़ा | 70/24 | 366 भादवि |
| 31 | चांदीनगर | 89/24 | 366 भादवि |
| 32 | चांदीनगर | 97/24 | 365 भादवि |
| 33 | बालैनी | 70/24 | 365 भादवि |
| 34 | बालैनी | 74/24 | 366 भादवि |
| 35 | बडौत | 634/23 | 363 भादवि |
| 36 | बडौत | 746/23 | 366 भादवि |
| 37 | बडौत | 817/23 | 365 भादवि |
| 38 | बडौत | 208/24 | 366 भादवि |
| 39 | बडौत | 304/24 | 366 भादवि |
| 40 | बडौत | 305/24 | 363 भादवि |
| 41 | बडौत | 309/24 | 366 भादवि |
| 42 | बडौत | 311/24 | 363 भादवि (02 बच्चे) |
| 43 | दोघट | 359/23 | 366 भादवि (01 महिला व उसकी 01 लडकी) |
| 44 | दोघट | 46/24 | 366 भादवि |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 45 | दोघट | 147/24 | 363 भादवि |
| 46 | दोघट | 154/24 | 363 भादवि |
| 47 | रमाला | 273/23 | 366/506 भादवि |
| 48 | रमाला | 109/24 | 363 भादवि |
| 49 | रमाला | 125/24 | 366 भादवि |
| 50 | छपरौली | 278/23 | 363 भादवि |

**प्रेस नोट जनपद बागपत**

**थाना खेकडा                दिनाँक 01.06.2024**

**थाना खेकडा पुलिस ने थाने के मु0अ0सं0 163/24 धारा 379 भादवि का सफल अनावरण करते हुए 01 अभियुक्त को किया गिरफ्तार, जिसके कब्जे से चोरी किया हुआ केबिल का जला हुआ तांबे का तार व 750 रूपये नगद बरामद।**

**संक्षिप्त विवरण-**



दिनांक 01.06.2024 को थाना खेकडा पर वादी रामप्रसाद यादव पुत्र खजान निवासी कस्बा व थाना खेकडा ने लिखित तहरीर दी कि दिनांक 28.05.24 की रात्रि को अज्ञात चोर द्वारा देव कृष्णा स्कूल की दीवार पर लगे तार, समरसेबिल का 80 मीटर केबिल व राधा स्वामी सतसंग का माईक व बैटरी को चोरी कर लिया हैं। इस सम्बन्ध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना खेकडा पर मु0अ0सं0 163/24 धारा 379 भादवि पंजीकृत किया गया।

**कार्यवाही-**

बागपत पुलिस द्वारा जनपद में अपराधों की रोकथाम एवं चोरों/वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना खेकडा पुलिस द्वारा थाने के मु0अ0सं0 163/24 धारा 379 भादवि का सफल अनावरण करते हुए 01 अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। जिसके कब्जे

से चोरी किया हुआ केबिल का जला हुआ तांबे का तार व 750 रूपये नगद बरामद हुये हैं। उपरोक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना खेकडा पर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।
नोट - उपरोक्त अभियोग में बरामदगी के आधार पर धारा 411 भादवि की वृद्धि की गयी।

## गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता-

राशिद पुत्र गुलबहार निवासी ब्लॉक बी- 01 एन0बी0सी0सी0 पाठशाला खेकड़ा थाना खेकडा जनपद बागपत।

## बरामदगी का विवरण-

- जला हुआ तांबे का तार।
- 750 रूपये नगद।

## गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1-उ0नि0 अबरार हुसैन थाना खेकडा।
2- उ0नि0 श्री श्रीपाल थाना खेकडा।
3-का0 555 रवि कुमार थाना खेकडा।
4-का0 535 अतुल कुमार थाना खेकडा।

## Meticulous Investigation & Prosecution

### BAGHPAT POLICE

नाबालिग लडकी के साथ छेडछाड करने के आरोपी पालू को पुलिस और अभियोजन विभाग द्वारा प्रभावी पैरवी किए जाने पर हुआ 03 वर्ष 03 माह का कारावास व 500 रूपये अर्थदण्ड की सजा-

अवगत कराना है कि वर्ष 2021 में अभियुक्त पालू पुत्र मुकतारा निवासी ग्राम व थाना रमाला जनपद बागपत द्वारा वादी की नाबालिग लडकी के साथ छेडछाड करने की घटना कारित की गयी थी, जिसके सम्बन्ध में थाना रमाला पर मु0अ0सं0 27/2021 धारा 376/511/354 भादवि व 9M/10 पोक्सो एक्ट पंजीकृत किया गया था। जिसके परिणामस्वरुप दिनांक 01.06.2024 को मा0 न्यायालय अपर जिला जज स्पेशल पोक्सो एक्ट जनपद बागपत द्वारा अभियुक्त पालू को दोषी पाते हुए धारा 354 भादवि में 03 वर्ष 03 माह के कारावास व 500 रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। उपरोक्त अभियुक्त को धारा 376/511 भादवि व 9M/10 पोक्सो एक्ट में मा0 न्यायालय द्वारा दोषमुक्त किया गया है।

प्रभावी पैरवी कर अभियुक्तों को सजा दिलाना बागपत पुलिस की प्राथमिकता है तथा बागपत पुलिस का अभियुक्तों के विरूद्ध प्रभावी पैरवी कर सजा दिलाने का अभियान निरन्तर जारी रहेगा।

@baghpatpolice baghpatpolice Baghpat Police

# Meticulous Investigation & Prosecution

## BAGHPAT POLICE

**गैंगस्टर अधिनियम में पुलिस और अभियोजन विभाग द्वारा प्रभावी पैरवी किए जाने पर आरोपी लोकेन्द्र को हुआ 02 वर्ष का कारावास व 10,000 रूपये अर्थदण्ड की सजा-**

अवगत कराना है कि अभियुक्त लोकेन्द्र पुत्र सतपाल निवासी ढिकौली थाना चांदीनगर जनपद बागपत के विरूद्ध थाना चांदीनगर पर मु0अ0सं0 142/2002 धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट तथा थाना रमाला पर मु0अ0सं0 189/2007 धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट पंजीकृत किया गया था। इन अभियोगों में मॉनिटरिंग सैल द्वारा मा0 न्यायालय में सशक्त, प्रभावी पैरवी की गयी एवं अभियोजन की कार्यवाही सम्पन्न करायी गई, जिसके परिणामस्वरुप दिनांक 01.06.2024 को मा0 न्यायालय जिला जज एफटीसी प्रथम जनपद बागपत द्वारा अभियुक्त लोकेन्द्र को दोषी पाते हुए 02 वर्ष के कारावास व 10,000 रूपये अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है।

प्रभावी पैरवी कर अभियुक्तों को सजा दिलाना बागपत पुलिस की प्राथमिकता है तथा बागपत पुलिस का अभियुक्तों के विरूद्ध प्रभावी पैरवी कर सजा दिलाने का अभियान निरन्तर जारी रहेगा।

@baghpatpolice baghpatpolice Baghpat Police